**24/08**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से दो दिन के गुजरात दौरे पर रहेंगे। वे अहमदाबाद में कल पांच हजार चार सौ करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन करेंगे। श्री मोदी एक सभा को भी संबोधित करेंगे। यात्रा के दूसरे दिन, प्रधानमंत्री अहमदाबाद के हंसलपुर में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड उत्पादन का उद्‌घाटन करेंगे। राज्य की यात्रा के दौरान श्री मोदी एक हजार 400 करोड़ रुपये लागत वाली रेल परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

0000000000000000000

गृहमंत्री अमित शाह ने आज दिल्ली विधानसभा में दो दिवसीय अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। यह सम्मेलन केंद्रीय विधानसभा के पहले निर्वाचित अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित किया गया है। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि देश की स्वतंत्रता की ही तरह, आज़ादी के बाद देश को लोकतांत्रिक तरीक़े से चलाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वीर विट्ठलभाई पटेल ने देश को भारतीय आदर्शों पर लोकतांत्रिक तरीक़े से चलाने की आधारशिला रखी थी।

श्री शाह ने कहा कि सदन में देश की जनता के मुद्दों को निष्पक्ष रूप से उठाने का अवसर दिया जाना चाहिए। गृहमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित करना हर सदस्य की ज़िम्मेदारी है कि सदन का कामकाज नियमानुसार चले। इस अवसर पर संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विरोध करना सदस्यों का अधिकार है, लेकिन वे कामकाज को बाधित नहीं कर सकते।

सम्मेलन में राज्य विधानसभाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और राज्य विधान परिषदों के सभापति और उप-सभापति भी शामिल हैं। सम्मेलन का उद्देश्य कानून निर्माण में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करना है।

0000000000000000000

इसरो ने गगनयान मिशन के लिए पैराशूट-आधारित मंदन प्रणाली के संपूर्ण प्रदर्शन हेतु पहला एकीकृत एयर ड्रॉप परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह पैराशूट प्रणाली को प्रमाणित करने का एक महत्वपूर्ण अभ्यास था जो मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्रियों को उसके अंतरिक्षयान से सुरक्षित वापस लाएगा। यह परीक्षण इसरो, भारतीय वायु सेना, डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल का एक संयुक्त प्रयास है। इसके अतिरिक्त, इसरो आगामी परीक्षणों, जैसे कि दूसरा परीक्षण वाहन प्रदर्शन मिशन और पहला मानवरहित गगनयान मिशन, की भी तैयारी कर रहा है, जो भारत के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष यान का मार्ग प्रशस्त करेगा।

0000000000000000000

शिक्षा मंत्री पी डी सोना ने शि योमी ज़िले के पापिक्रोंग स्कूल के बालक छात्रावास में हुई दुखद आग दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, शिक्षा मंत्री ने घोषणा की कि राज्य सरकार पीड़ितों और उनके परिवारों को सभी आवश्यक राहत और सहायता प्रदान करेगी। इस बीच, उन्होने ज़िला प्रशासन और स्कूल प्रशासन को मामले की गहन जाँच करने और प्रभावित छात्रों और उनके परिवारों को तत्काल सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्टों के अनुसार, यह दुर्घटना आज सुबह 1:00 से 2:00 बजे के बीच शॉर्ट सर्किट के कारण हुई। इस घटना में एक युवा छात्र की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। इसके अतिरिक्त, छात्रावास भी आग में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

00000000000000000000

Mentor Secretary, वाईवीवीजे राजशेखर ने कल नामसाई में एक समीक्षा बैठक की। उन्होने अपने संबोधन में प्रशासन और सभी विभागाध्यक्षों से चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों, स्वास्थ्य, शिक्षा, नाबार्ड की पहल और बुनियादी ढाँचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। स्वास्थ्य क्षेत्र में, उन्होंने जिला अस्पताल में मानव संसाधनों की कमी पर चर्चा की और इस समस्या के समाधान के उपाय सुझाए। गणित और भाषा में, विशेष रूप से प्राथमिक स्तर पर, कम प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त करते हुए, उन्होंने संबंधित विभागाध्यक्ष को आँकड़े एकत्र करने, कमियों की पहचान करने और सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिए। बैठक में स्थानीय विधायक चौ झिंगनु नामचूम, प्रभारी उपायुक्त नांग कोलियानी नामचूम, विभागाध्यक्ष और जिला अधिकारी उपस्थित थे।

00000000000000000000

नाहरलागुन पुलिस अधीक्षक डॉ. न्येलम नेगा के नेतृत्व में एक विशेष जाँच दल ने 24 घंटे के भीतर एक 16 वर्षीय छात्र की हत्या का मामला सुलझा लिया है। उपलब्ध सुरागों के आधार पर, राजीव गांधी विश्वविद्यालय के Master’s 3rd Semester के एक छात्र और डोकुम कॉलोनी निवासी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ करने पर, आरोपी ने नशे में हत्या की बात कबूल की। उसने यह भी स्वीकार किया कि अपराध करने के बाद, वह घटनास्थल से भाग गया और हथियार को फेंक दिया। इस बीच, नाहरलागुन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है।

0000000000000000000000

मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के 13 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अनुमान लगाया है कि राज्य में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बिजली गिरने और भारी बारिश होने की संभावना है।

0000000000000000000

"बैटल ऑफ़ माइंड्स" 2.0 आलो जोनल फ़ाइनल कल आलो मल्टीपर्पज़ हॉल में आयोजित किया गया। आरडी एवं पंचायती राज मंत्री, ओजिंग तासिंग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अंतिम दौर के कार्यक्रम में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय योमचा, राजकीय माध्यमिक विद्यालय पाकम, के वी आलो और आरके मिसन, आलो ने भाग लिया। आरके मिशन, आलो जोनल क्विज़ प्रतियोगिता का विजेता रहा।

0000000000000000000